भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(खेल विभाग)

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 33**

उत्तर देने की तारीख 25 नवंबर, 2024

4 अग्रहायण, 1946 (शक)

**दावणगेरे जिले में सिंथेटिक ट्रैक**

**33. डॉ. प्रभा मल्लिकार्जुनः**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या वर्ष 2021 के दौरान दावणगेरे जिला स्टेडियम के लिए कोई सिंथेटिक ट्रैक उपलब्ध कराया गया है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**

**(डॉ. मनसुख मांडविया)**

(क) और (ख) जी हां। वित्तीय वर्ष 2022-23 में खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत एक परियोजना, अर्थात् जिला दावणगेरे में सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक बिछाने को मंजूरी दी गई थी। तथापि, स्कीम के अनुसार कर्नाटक राज्य सरकार द्वारा आवश्यक औपचारिकताओं का पालन न करने के कारण इस परियोजना को मार्च 2024 में इस मंत्रालय द्वारा रद्द कर दिया गया था।

*****